# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **11-03-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1- थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा एक युवक पर जान से मारने की नियत से फायर करने वाले 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार एवं कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 अवैध पिस्टल मय 02 कारतूस बरामद किये गये।**




अवगत कराना है कि दिनांक 10.03.2025 को वादी/पीडित मयंक गुर्जर पुत्र सुभाष चन्द्र फौजी निवासी हिमगिरी कोलौनी थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरदाबाद ने आरोपी अजय तोमर द्वारा वादी पर जान से मारने की नियत से अवैध पिस्टल से फायर करने, जिससे वादी गम्भीर रूप से घायल हो जाने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर दी, तहरीर के आधार मु0अ0स0- 166/2025 धारा- 131, 351(2),115(2),109 बीएनएस बनाम अजय तोमर व एक अन्य के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं उक्त अभियोग में नामित/वाछिंत आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर,मुरादाबाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिविल लाईन्स के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन्स पर टीम का गठित की गयी।

गठित टीम द्वारा त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 11.03.2025 को मुकदमा उपरोक्त में नामित/वाछिंत अभियुक्त अजय तोमर पुत्र राम रक्षपाल निवासी मोरा मुस्तकम थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर उक्त घटना मे प्रयुक्त अवैध पिस्टल मय 02 कारतूस बरामद किये गये।

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त अजय तोमर ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनाँक 26/01/2025 को मेरे द्वारा गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य मे एक तिरगा रैली निकाली गई तथा मेरी रैली के सामने मयंक ने अपनी रैली निकाली इसी बात को लेकर हम दोनो मे विवाद हो गया था, जिसमे मयंक के द्वारा मुझे गाली दी गई थी, तभी से मेरी मयंक से रंजिश चल रही है, उसी रंजिश को लेकर दिनांक 10.03.2025 को मैने अपने दोस्त के साथ मिलकर मंयक पर फायर कर दिया था और हम दोनो मौके से भाग गये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अजय तोमर पुत्र राम रक्षपाल तोमर निवासी मोरा मुस्तकम थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी -**

घटना में प्रयुक्त अवैध 01 पिस्टल व 02 कारतूस

**अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0- 1028/2021 धारा 323/504/506 आईपीसी व धारा 3(1)(घ), 3(1)(द), 3(2)(v) एससी/एसटी एक्ट थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
2. मु0अ0स0 166/2025 धारा 131,351(2),115(2), 109 बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सैना थाना सिविल लाईन्स, जनपद मुरादाबाद।
2. उ0नि0 संजय सिंह थाना सिविल लाईन्स, जनपद मुरादाबाद।
3. उ0नि0 विपिन पुण्डीर थाना सिविल लाईन्स, जनपद मुरादाबाद।
4. का0 दीपक कुमार थाना सिविल लाईन्स, जनपद मुरादाबाद।
5. का0 अकित कुमार थाना सिविल लाईन्स, जनपद मुरादाबाद।

**2-नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को थाना भगतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार।**




अवगत कराना है कि दिनांक 03.03.2025 को वादिनी निवासनी थाना भगतपुर क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपीगण द्वारा वादिनी की नाबालिग भतीजी को नशीला पदार्थ देकर अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के संबंध में थाना भगतपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0- 40/2025 धारा-137(2)/70(1)/123/127(4)/299/351(3)/124(1) BNS व धारा 5/6 पाक्सो एक्ट व धारा 3(2)Va/3(2)V SC/ST ACT बनाम जुबैर उर्फ जाबिर आदि 04 नफर के पंजीकृत किया गया। विवेचना क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा द्वारा संपादित की गयी तथा उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण व उक्त अभियोग में नामित/वाछिंत अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व व पर्यवेक्षण में थाना भगतपुर पर टीम गठित की गयी, गठित टीम द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 10.03.2025 की रात्री को मुकदमा उपरोक्त में नामित/वाछिंत अभियुक्त जुबैर उर्फ जाबिर पुत्र भूरा निवासी ग्राम दौलपुरी बमनिया थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उरोक्त से संबंधित अन्य 03 अभियक्तगण को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**3- कोल्ड्रिग में नशीला पदार्थ पीलाकर युवती के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को थाना कोतवाली नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार।**



अवगत कराना है कि दिनांक 10.02.2025 को वादिनी निवासनी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपी द्वारा वादिनी को कोल्ड्रिग में नशीला पदार्थ पीलाकर वादिनी के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0-017/2025 धारा- 64/123/351(2) व 3(2)(5) एससी/ एसटी एक्ट बनाम इस्लाम पुत्र स्व0 इदरीश के पंजीकृत किया गया ।विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 11.03.2025 को मुकदमा उपरोक्त में नामित/वाछिंत अभियुक्त इस्लाम पुत्र स्व0 श्री इदरीश निवासी मोहल्ला काजीपुरा थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद स्थायी निवासी जवाहरनगर लोधीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया ।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**4-अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ 02 आरोपीगण को थाना कांठ पुलिस ने किया गिरफ्तार।**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं अवैध शराब निर्माण/तस्करी व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 11.03.2025 को उ0नि0 गौरव कुमार व उ0नि0 धर्मेन्द्र पंवार थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त 1- तुलसी पुत्र रामपाल सिंह 2- लक्ष्मण पुत्र मेवाराम निवासीगण ग्राम दरियापुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को अवैध 30 लीटर शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया ।बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0-66/2025 धारा- 60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**5-जनपद मुरादाबाद पुलिस द्वारा 09 वारंटियो को किया गया गिरफ्तार।**









अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 10-03-2025 को जनपदीय पुलिस द्वारा वारंटी आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विवरण निम्नवत हैः-

**थाना भगतपुरः-**नसीम जहाँ पत्नी रईस निवासी ग्राम मुडिया मिलक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा नं0-17877/2024 मु0अ0सं0-191/2002 धारा- 504/353/332/406 भादवि0 थाना भगतपुर

**थाना डिलारीः-**1- शरीफ पुत्र हफीज 2- याकूब पुत्र हफीज 3- हनीफ पुत्र हफीज 4- अय्यूब पुत्र हफीज निवासीगण ग्राम मुडिया मोहिद्दीनपुर थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित एनबीडब्लु/ धारा 82 सीआरपीसी, सम्बन्धित मुकदमा नं0- 17972/24 मु0अ0सं0- 06/2003 धारा- 323/504/427 भादवि0

**थाना कटघरः-** खुबसिंह पुत्र परसुराम निवासी सिरसा इनायतपुर उर्फ दोड बाग थाना कटघर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा नं0- 6780/15 मु0अ0सं0- 733/08 धारा- 323/324/504 भादवि0

**थाना भोजपुरः-** युनुस उर्फ अनस पुत्र आशक अली निवासी ग्राम अक्का भीकनपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा नं0- 4290/24 मु0अ0सं0- 167/024 धारा- 420/120बी/506 भादवि0

**थाना ठाकुरद्वाराः-**शराफत पुत्र अ0 शकूर निवासी सुल्तानपुर दोस्त थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा न0-17773/2024 अ0स0 113ए/2001 धारा 325/324/323/504 भादवि चालानी थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद

**थाना कांठः-**विजय पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम गोपालपुर थाना काँठ जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0नं0 534/24 अ0सं0 59/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम

**6-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले 12 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया ।**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 10-03-2025 को जनपदीय पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**थाना ठाकुरद्वारा-**

1-धर्मेन्द्र कुमार भारती पुत्र खानचन्द निवासी ग्राम कनकपुर सुरजननगर थाना ठाकुद्वारा, जनपद मुरादाबाद।

2-विवेक शर्मा पुत्र मनोज कुमार शर्मा निवासी ग्राम पृथ्वीपुर गावड़ी थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद।

3-कासिम पुत्र फैजुल हसन निवासी ग्राम शरीफनगर थाना ठाकुरद्वरा, जनपद मुरादाबाद।

**थाना भगतपुर-**

1-नरेश पुत्र शोभाराम निवासी ग्राम भानपुर गजरौला थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।

2-कुलवीर सिहं पुत्र ओमपाल सिहं निवासी ग्राम लालपुर बराही थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।

**थाना गलशहीदः-**

1- रिजवान पुत्र रहमत जान नि0 गली नं0 3 बडा हाता थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद।

**थाना डिलारीः-**

1- विकास पुत्र सर्वेश निवासी मझौली थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद।

**थाना कांठः-**

1- सोनू कुमार पुत्र रामरतन निवासी ग्राम कुम्हरिया जुबला थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।

2- सुरेश पुत्र प्रेम निवासी ग्राम सिरसा थाना काँठ जनपद मुरादाबाद।

**थाना बिलारीः-**

1- मौ0 शाकिर पुत्र स्व0 मौ0 जाफिर निवासी मो0 अन्सारियान हुसैनी झण्डा कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

2- अकरम पुत्र असलम निवासी ग्राम थांवला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

3- असलम पुत्र अहमद निवासी ग्राम थांवला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।